## खबर संक्षेप



### प्रभात फेरी में गूंज रहे वाहे गुरु नाम के जयकारे

**बेमेतरा।** 15 नवंबर को गुरुनानक जी के प्रकाश पर्व को लेकर बेमेतरा सिख समाज में काफी उत्साह का माहौल है। सिख समाज के अध्यक्ष सरदार गुरदयाल सिंह चावला ने बताया कि जहां एक ओर अमृत वेले 11 दिनों की प्रभात फेरी में प्रतिदिन वाहे गुरु नाम के जयकारे गूंज रहे हैं। वहीं, समाज द्वारा प्रकाश पर्व से पूर्व 5 दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन भी किया जा रहा है जिसमें बच्चे, बड़े सभी वर्गों के लिए कीर्तन, कविता, गुरुनानक जी की जीवनी पर भाषण एवं विचार संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। 15 नवंबर को सिख समाज अपने प्रतिष्ठान बंद रखेंगे तथा 17 नवंबर को विशाल और भव्य नगर कीर्तन निकाली जाएगी। नगर कीर्तन में पटियाला से आए गतका दल द्वारा हैरतअंगेज प्रदर्शन किया जाएगा तथा 2 दिन गुरु के अटूट लंगर की सेवा भी होगी।

### कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल जारी



**बेमेतरा।** जिले में चल रही कंप्यूटर ऑपरेटर कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आगामी 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी शुरू होने वाली है, लेकिन हड़ताल के कारण सरकारी समितियों का ऑनलाइन कामकाज प्रभावित हो रहा है। किसानों को भटकना पड़ रहा है। इन कर्मचारियों की मुख्य मांगे हैं जिसमें धान परिवहन में देरी के कारण हुए नुकसान की भरपाई हो, प्रदेश के सभी कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए, खाली पदों पर भर्ती करना और बैंकों में प्लेसमेंट एजेंसियों पर रोक लगाना तथा सेवा नियम 2018 को तत्काल लागू करना के साथ-साथ धान खरीदी नीति में सुधार की मांग भी शामिल है। सहकारी समितियों के कर्मचारियों की पांच सूत्री मांगों को लेकर जारी इस हड़ताल का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि किसानों और सहकारी समिति कर्मचारियों के बीच संतुलन बनाए रखते हुए इस हड़ताल का समाधान निकाला जाए। हड़ताल को समाप्त कराने के लिए कर्मचारी संघ से चर्चा कर उचित समाधान निकालना जरूरी है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और धान खरीदी बिना बाधा के संपन्न हो सके।

### जरवाय में धूमधाम से मनाया गया मातर उत्सव

**गुण्डरदेही।** ग्राम जरवाय में मातर उत्सव के अवसर पर ग्रामवासियों के सहयोग से जरवाय के सरपंच जनक साहू व मोनू सेन के तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम ममता सिंदे कृत सुर संझा की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पटेल नरेन्द्र साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच जनक साहू, मोनू सेन, घनाराम साहू थे। इस अवसर पर श्री मंडावी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा को बनाए रखने तथा भाईचारा व समरसता बढ़ाने में इस तरह के कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

### पीपरछेड़ी में सुआ नृत्य प्रतियोगिता 10 को

**अंडा।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन में आदर्श मित्र मंडल द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय सुआ महोत्सव का आयोजन 10 नवंबर को ग्राम पीपरछेड़ी में किया गया है। आयोजन में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा की कई टीमें हिस्सा लेंगी। इसके तहत सुआ गायन व नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 10001 रूपए प्रदान किए जाएंगे। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार 7001 रूपए, तृतीय 5001, चतुर्थ 3001 तथा पंचम पुरस्कार 2001 रूपए रखा गया है।

#### विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्थानों से दूध के नमूने लेकर उनकी शुद्धता का किया परीक्षण

# सिंघौरी स्कूल के छात्रों ने सीखी कैसे करें दूध की शुद्धता की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी में देवेंद्र कुमार साहू के मार्गदर्शन में छात्रों को लैक्टोमीटर से दूध और पानी की मात्रा मापने का प्रयोग सिखाया गया। श्री साहू ने बताया कि "लैक्टोमीटर एक सरल वैज्ञानिक उपकरण है, जिसका उपयोग दूध की शुद्धता जांचने के लिए किया जाता है। यह एक बेलनाकार उपकरण होता है जो तरल पदार्थ के घनत्व को मापता है।

लैक्टोमीटर का मुख्य कार्य दूध में पानी की मात्रा का पता लगाना है, क्योंकि दूध में पानी मिलाने पर उसका घनत्व बदल जाता है। जब लैक्टोमीटर को दूध में डाला जाता है, तो यह घनत्व के अनुसार ऊपर या नीचे तैरता है। शुद्ध दूध में लैक्टोमीटर एक निश्चित स्तर पर तैरता है, जिसे पहले से निर्धारित किया गया होता है। यदि दूध में पानी मिलाया गया हो, तो लैक्टोमीटर का स्तर बदल जाएगा, जिससे दूध में पानी की मात्रा का अंदाज़ा लगाया जा सकता है।लैक्टोमीटर का उपयोग करना आसान और सस्ता है, और यह घर पर भी दूध की शुद्धता जांचने का एक कारगर तरीका है।

इस प्रयोग को करने के लिए अलग-अलग स्थानों से दूध के नमूने लेकर उनकी शुद्धता का परीक्षण किया गया। छात्रों ने चार्ट के अनुसार जांच की, जिससे उन्हें यह जानने में मदद मिली कि दूध में पानी की कितनी मात्रा मौजूद है। इस प्रयोग से बच्चों ने सीखा कि किस तरह दूध की शुद्धता का पता लगाया जा सकता है।

लैक्टोमीटर के इस्तेमाल से न केवल स्कूल में बल्कि घर पर भी दूध में पानी की मिलावट की जांच आसानी से की जा सकती है। बच्चों ने इस अभ्यास को बड़े ही उत्साह और जिज्ञासा के साथ पूरा किया और दूध की गुणवत्ता के प्रति जागरूक हुए।




#### वास्तविक जीवन में लागू होने वाले ज्ञान को समझने में मिलती है मदद

देवेंद्र कुमार साहू ने बताया कि इस तरह के प्रयोग छात्रों को विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने और वास्तविक जीवन में लागू होने वाले ज्ञान को समझने में मदद करते हैं। संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा ने इस तरह के प्रयोग की सराहना की तथा बताया कि "वैज्ञानिक दृष्टिकोण रखने से हम हर चीज का कारण जानने की कोशिश करते हैं और खुद प्रयोग कर के उसे समझते हैं।" प्रयोग के दौरान सरस्वती साहू, आगेश्वरी साहू, डॉ राजेश्वरी सिंह ठाकुर, नुतेश्वर चंद्राकर और प्रशांत बघेल उपस्थित रहे।

## अंडर 19 व 14 क्रिकेट के लिए कृपा आदित्य, नमन और शक्ति का चयन






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीसीसीआई के अंतर्गत सीएससीएस के तहत क्रिकेट अंडर 19 और 14 का ट्रायल हुआ, जिसमें जिले के चार नवोदित खिलाड़ियों का भी चयन हुआ।

इसी ट्रायल में अंडर 19 से कृपा अगलावे का चयन हुआ है। वहीं, अंडर 14 में आदित्य, नमन और शक्ति चयनित हुए। कोच अविनाश अगलावे ने इन नवोदित खिलाड़ियों की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए इसे बेमेतरा जिले के लिये बहुत बड़ी उपलब्धि बताया। चारों क्रिकेट खिलाड़ियों के चयन पर परिवार जनों के साथ-साथ जिला खेल अधिकारी पिंकी मनहर, पीजी महाविद्यालय की प्राचार्य वीणा त्रिपाठी, खेल शिक्षक सेंगर, विजय पांडे, मृत्युंजय ने हर्ष जताते हुए उज्वल भविष्य की कामना की।

बता दें कि बीसीसीआई के अंतर्गत सीएससीएस के तहत क्रिकेट अंडर 19 और 14 ट्रायल का आयोजन किया जाता है। इसमें जिले से दो लोगों का चयन किया जाता। बेमेतरा जिले के इन चारों खिलाड़ियों अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए इनका चयन इलेट ग्रुप में किया गया। इस ट्रायल में 200 से 250 लोग ट्रायल देने आते हैं।

## नवागढ़ में निषाद समाज के लोगों ने निभाई जाली ओढ़ाने की परंपरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

नगर के निषाद समाज के लोगों ने परंपरानुसार नगर प्रधान विकासधर दीवान को मछली जाली ओढ़ाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में निषाद समाज के बंधु उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि दीपावली पर निषाद समाज की अनूठी परंपरा आज भी कायम है। निषाद समाज घर-घर जाकर मछली पकड़ने का जाल ओढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना करते हैं। इसकी शुरुआत मालगुजार परिवार से की जाती है। विकासधर दीवान ने कहा कि जाल ओढ़ाने से घर परिवार के लोगों के जीवन की हर समस्या इस जाल में फंसकर बाहर आ जाती है। जीवन में खुशहाली आती है। निषाद समाज के पूर्वज गुहा निषाद राज भगवान राम को वनवास के समय नदी पार कराया।

यह समाज हमेशा निस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा करता आया है। निषादों के साथ हमारा पारिवारिक संबंध रहा है। इसलिए निषादों का स्नेह हमें मिलता रहा है। आगे निषादों के साथ-साथ सभी समाज को साथ लेकर नवागढ़ के विकास के लिए काम करेंगे। इस दौरान अशोक निषाद, सुरेश निषाद, गोवर्धन, पलटू, राजू, परमानंद, शत्रुहन, राजेश, रामनाथ, भोला, कुंजू, शंकर निषाद सहित बड़ी सख्या में लोग उपस्थित थे।

## चित्रकला प्रतियोगिता में देवपिका प्रथम

#### राज्योत्सव के अवसर पर रानो स्कूल में हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो विकासखण्ड साजा में बच्चों ने राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना, वंदना एवं छत्तीसगढ़ महतारी के बहुत सुंदर चित्र बनाये। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक अवध राम वर्मा ने छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।

नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन एवं कक्षा कक्षा नायक ने विशेष सहयोग प्रदान किया। उसके बाद शिक्षक अवध राम वर्मा ने बच्चों को बहुत ही विस्तार से छत्तीसगढ़ की स्थापना, भौगोलिक स्थिति,जिले, खनिज संपदा, नदियां, विभिन्न गढ़, विद्युत गृह आदि के बारे में बहुत ही विस्तार से बताया। उसके बाद नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने छत्तीसगढ़ के इतिहास और वर्तमान संदर्भ में बहुत ही अच्छी जानकारी बच्चों को दी। इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित हुई, जिसमें बच्चों ने छत्तीसगढ़ महतारी की बहुत ही सुंदर चित्र बनाए। प्रतियोगिता में देवपिका साहू कक्षा 6 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस चित्रकला प्रतियोगिता जिसमें चार बच्चों ने भाग लिया तथा मां छत्तीसगढ़ महतारी की बहुत ही सुंदर चित्र बनाकर उसे रंग रोगन करके धान एवं चावल से सजाया। चारों प्रतिभागियों को शिक्षिका प्रतीक जैन ने पुरस्कृत किया।



## लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ व्याख्यान

**बेमेतरा।** लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा निजीकरण एवं उदारीकरण की नीतियों का आम जनता पर प्रभाव और इससे उत्पन्न असमानताएं विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. एमडी पटेल ने विषय पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. पटेल ने निजीकरण और उदारीकरण की नीतियों के आर्थिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए, इनके कारण समाज में बढ़ती असमानताओं पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने नीतियों के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार ये नीतियाँ विभिन्न वर्गों पर अलग-अलग प्रभाव डाल रही हैं।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम के मार्गदर्शन में किया गया। आयोजन की संयोजिका अर्थशास्त्र विभाग की अतिथि व्याख्याता डॉ. रजिंदर होरा थीं। कार्यक्रम का संचालन दीनानाथ सारथी तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।




## पूर्व सांसद गोपाल व्यास को नगरवासियों ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखमरिया



नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास के निधन पर नगर के प्रबुद्धजनों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में पूर्व गौ सेवा आयोग अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया ने गोपाल जी की उपलब्धियों और योगदानों को याद करते हुए उन्हें एक विनम्र, मधुर व्यवहार वाले नेता बताया, जो छत्तीसगढ़ की राजनीति में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते थे।

प्रेम सिंघानिया ने बताया कि श्री व्यास ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे पार्टी के कार्यों में हमेशा जमीनी स्तर पर सक्रिय रहे और छत्तीसगढ़ में सरस्वती शिशु मंदिर एवं गौशालाओं के विकास के लिए शासन से अनुदान प्राप्त करवाने में उनका विशेष योगदान रहा। खमरिया के रामकृष्ण गौशाला के लिए गोपाल जी ने अपनी सांसद निधि से 10 लाख रुपये का अनुदान देकर गौ छाया व बाउंड्रीवाल निर्माण करवाया, जिसका लोकार्पण 11 नवंबर 2016 को उनके करकमलों से हुआ था। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रेम सिंघानिया, शंभू अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, राजेश ठाकुर, अनिल सिंघानिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश सिंघानिया, सुरेश सिंघानिया और पुरुषोत्तम सिंघानिया सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## खिसोरा में माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का किया गया विसर्जन

**बेरला।** ब्लॉक बेरला के ग्राम खिसोरा में माँ लक्ष्मी की प्रतिमा का धूमधाम से विसर्जन किया गया। माँ लक्ष्मी प्रतिमा की स्थापना समिति एवं ग्रामीणों की सहमति से की गई थी। इस वर्ष मां लक्ष्मी की प्रतिमा 30 अक्टूबर धनतेरस को स्थापित करने के बाद 3 नवंबर को हवन पूजा व विशाल भंडारण का आयोजन किया गया। उसके बाद मां लक्ष्मी विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाल कर गाजे-बाजे के साथ सभी भक्तों ने गलियों का भ्रमण किया। इस शोभायात्रा में धुमाल व जय माँ कालिका नव दुर्गा झांकी अघोरा परिवार का आयोजन हुआ। शोभायात्रा के दौरान गांव की महिलाएं व बहनों ने मां लक्ष्मी की आरती की।

वहीं गांव के देवी देवता मंदिरों से विदाई लेते हुए गांव के तालाब में पहुंच कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर विसर्जन किया गया। इस दौरान मुख्य आयोजक लक्ष्मी युवा समिति के सदस्य संतोष (पंडा), हीरेन्द्र साहू, धीरज, योगेश, सुदर्शन, अजय, राहुल सहित खिसोरा के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




## चोरी के जेवर व नकदी सहित आरोपी पकड़ाया

#### थाना खम्हरिया क्षेत्र में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

थाना खम्हरिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 6 खम्हरिया में बीते दिनों सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी रकम की चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे चोरी गए सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत लगभग 1 लाख 20 हजार रूपए आंकी गई है, को भी जब्त कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार 6 नवंबर को प्रार्थी विजय कुमार भोई पिता रामखिलावन भोई निवासी थानखम्हरिया ने दीपावली की रात पूजा के दौरान कमरे में 26 हजार रूपए नकद एवं सोने चांदी के जेवरात रखे थे। पूजा करने के बाद खाना खाकर सब लोग सो गए। उसके बाद रात में किसी अज्ञात चोर ने घर में घुस कर उनकी चोरी कर ली। प्रार्थी की सूचना पर अपराध धारा 331 (3), 305 (ए) बीएनएस पंजीबंद्ध कर पुलिस विवेचना में जुट गई। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि वार्ड नम्बर 01 थानखम्हरिया निवासी चंदन माण्डले अत्यधिक शराब पी रहा है एवं पैसा रखा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर चंदन माण्डले को पकड़ कर पूछताछ की गई। इस पर उसने उक्त चोरी की घटना किए जाने की जानकारी दी।



आरोपी चन्दन माण्डले के कब्जे से चोरी किये सोने का मंगल सूत्र, दो नग कान का झुमका, टाप, 02 जोडी, चांदी की करधन, पायल, सिक्का बरामद कर जब्त किया गया।

आरोपी चंदन माण्डले पिता संजय माण्डले उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 01 थानखम्हरिया विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, आरक्षक तोरण डहरिया, सुनील यादव, गोकरण मरावी, लोकेश्वर साहू, सहित थाना स्टाफ का शामिल रहे।

#### ग्राम पंचायत नवागांव खुड़मुड़ी में हुआ आयोजन

## अटल प्रश्न माला के सही जवाब देकर महिलाओं ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के नवागांव खुड़मूड़ी में सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने 15 वे वित्त की राशि से नवागांव के गोंड़ पारा में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ सौरभ निर्वाणी ने की। वहीं विशिष्ठ अतिथि गाँव के मालगुजार महंत नरसिंह दास वैष्णव, प्रतीक वैष्णव, पुरन साहू, जीतू रात्रे थे। कार्यक्रम में सरपंच नीलेश वैष्णव ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोंड़ पारा के पेयजल की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी और महिलाओं को दूसरे वार्ड में पानी भरने नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान राज्य निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी प्रश्नमाला का आयोजन ग्रामीण महिलाओं के बीच हुआ। द्रुपद साहू ने बताया कि राज्य निर्माण भाजपा की देन है। उस पर उन्हें थाली पुरस्कार में दी गई। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू के विषय में पूछे गए प्रश्न पर दीपा साहू पुरस्कृत हुईं। महतारी वंदन की राशि बताने पर कीर्तन यादव ने इनाम जीता। इसी तरह बारहवीं की छात्रा कुसुम ने राजगीत का सही जवाब देकर गिलास अपने नाम किया।

■ जिपं सदस्य प्रज्ञा ने बोर खनन का किया भूमिपूजन



### पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी ने दी छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात

प्रज्ञा निर्वाणी ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी थी। इसके लिए पूरा छत्तीसगढ़ कृतज्ञ है, उन्हें ही याद करने यह आयोजन मेरे जिला पंचायत क्षेत्र के गांवों में किया जा रहा है। 100 से अधिक महिलाओं ने प्रश्नमाला में हिस्सा लेकर इनाम जीता। कार्यक्रम में ममता साहू, प्रेमलता साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने प्रश्न पूछा। कमला ध्रुव ने बताया कि गाँव में इस तरह का यह पहला आयोजन है। इससे सभी महिलाओं में हर्ष और खुशी है।

